Adda247
GET IT ON Google Play

CG SET Paper I held on 4 Oct 2026

# General Paper On Teaching & Research Aptitude

# सामान्य प्रश्न पत्र : शिक्षण और शोध अभिवृत्ति

1. Which of the following statements is not related to the positivist approach in research?

A. Reality is objective.

B. Reality is measurable and independent of the researcher.

C. Research typically begins with an existing theory.

D. Reality entirely depends on how individuals perceive and make sense of their own lived experiences.

1. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शोध में प्रत्यक्षवादी दृष्टिकोण से संबंधित नहीं है?

A. वास्तविकता वस्तुनिष्ठ है।

B. वास्तविकता मापनीय है और शोधकर्ता से स्वतंत्र है।

C. शोध आमतौर पर किसी मौजूदा सिद्धांत से शुरू होता है।

D. वास्तविकता पूरी तरह इस पर निर्भर करती है कि व्यक्ति अपने स्वयं के जीवनानुभवों को कैसे समझते हैं और उनका अर्थ निकालते हैं।

2. Which of the following is different in techniques for improving group relationships in the classroom?

A. Effective and able Teachers

B. Proper Communication

C. Dictator Teacher

D. Counselling Centers

2. कक्षा में समूह संबंध को सुधारने की निम्नलिखित प्रविधियों में कौन अलग है?

A. प्रभावशाली एवं योग्य शिक्षक

B. उचित संचार

C. तानाशाही शिक्षक

D. परामर्श केंद्र

3. The list of sources actually cited in research is known as-

A. Bibliography

B. Reference List

C. Appendix

D. Index

3. शोध में उद्धृत किए गए स्रोतों की सूची को कहा जाता है-

A. ग्रंथसूची

B. संदर्भ सूची

C. परिशिष्ट

D. अनुक्रमणिका

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
Rating | Editors' choice | New

Mocks for Every Exam
Test. Analyze. Improve. Repeat.
All India Rankings

**1,50,000+** Mock Tests
**25,000+** Previous Year Papers
**800+** Exam Covered
**500%** Refund on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes
**Daily** Free PDFs
**Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Strong and Weak Areas
- Detailed Solution
- All India Rankings

Safe & Reliable
Trusted by Lakhs of Aspirants
Your Success, Our Mission

## DOWNLOAD TEST PRIME

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play
Download on the App Store



Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247
GET IT ON Google Play

4. Research ethics includes the following characteristics-

(J) Honesty

(K) Objectivity

(L) Fabrication of Data

(M) Proper Citation of other Research Study

Choose the correct option-

**A.** J and K only

**B.** K and M only

**C.** J, K and M

**D.** J, K and L

**4.** अनुसंधान नैतिकता में निम्नलिखित विशेषताएँ शामिल हैं-

(J) ईमानदारी

(K) वस्तुनिष्ठता

(L) आँकड़ों का मिथ्याकरण

(M) अन्य शोध अध्ययन का उचित दृष्टान्त

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J और K

**B.** केवल K और M

**C.** J, K और M

**D.** J, K और L

---

**5.** SWAYAM is a platform that facilities hosting of all the courses to be accessed by anyone, anywhere at any time. The courses hosted on SWAYAM are in four quadrants. Which are the correct quadrants in this?

(J) Compulsory Classes

(K) Video Lecture

(L) Specially Prepared Reading Material

(M) Self-Assessment Test

Choose the correct option-

**A.** J and K only

**B.** J and L only

**C.** J, K and L only

**D.** K, L and M only

**5.** स्वयं (SWAYAM) एक ऐसा प्लेटफ़ार्म है जो सभी कोर्सों को होस्ट करने की सुविधा देता है, ताकि कोई भी, कहीं भी और कभी भी उन्हें एक्सेस कर सके। स्वयं (SWAYAM) पर होस्ट किए गए कोर्स चार हिस्सों (क्वाड्रेंट) में होते हैं। इनमें सही क्वाड्रेंट कौन से हैं?

(J) अनिवार्य कक्षाएँ

(K) वीडियो लेक्चर

(L) विशेष रूप से तैयार की गई रीडिंग सामग्री

(M) स्वयं-मूल्यांकन परीक्षा

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J और K

**B.** केवल J और L

**C.** केवल J, K और L

**D.** केवल K, L और M

HA10786A

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play



6. Direction - For the below Assertion [As] and Reason [R], choose the correct alternative-

Assertion [As] : Experimental research establishes a cause-and-effect relationship.

Reason [R] : Experimental research depends on active manipulation of variables under controlled conditions and measures outcomes to confirm that the change in one variable is the direct result of another.

**A.** Both [As] and [R] are true, and [R] is the correct explanation of [As].

**B.** Both [As] and [R] are true, but [R] is not the correct explanation of [As].

**C.** [As] is true, but [R] is false.

**D.** [As] is false, but [R] is true.

6. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-

कथन [As] : प्रायोगिक अनुसंधान कारण और प्रभाव के संबंध को स्थापित करता है।

कारण [R] : प्रायोगिक अनुसंधान नियंत्रित परिस्थितियों के तहत चरों के सक्रिय परिचालन और परिणामों के मापन पर निर्भर करता है, ताकि यह पुष्टि की जा सके कि एक चर में परिवर्तन, दूसरे का प्रत्यक्ष परिणाम है।

**A.** [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R], [As] की सही व्याख्या है।

**B.** [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R], [As] की सही व्याख्या नहीं है।

**C.** [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।

**D.** [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

---

7. According to NEP 2020, which year will the agenda for Sustainable Development, especially the goal of inclusive and equitable quality education, be complete?

**A.** 2027

**B.** 2029

**C.** 2030

**D.** 2047

7. एन.ई.पी. 2020 के अनुसार, सतत विकास (सस्टेनेबल डेवलपमेंट) का एजेंडा, खासकर समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा का लक्ष्य, किस वर्ष तक पूरा हो जाएगा?

**A.** 2027

**B.** 2029

**C.** 2030

**D.** 2047

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

'NISHTHA' is a major intervention to build capacity, strengthen the professional competence of teachers and leadership across the country. Which are not relevant characteristics of 'NISHTHA'?

(J) Orientation course

(K) Refresher course

(L) Improve Classroom Programme

(M) Latest Innovation and Advancement in Pedagogy

*Choose the correct option-*

**A.** J and K only

**B.** J and L only

**C.** J, K and L only

**D.** J, K and M only

**8.** 'NISHTHA' देश भर में शिक्षकों और नेतृत्व की पेशेवर क्षमता को मजबूत करने और उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए एक बड़ा प्रयास है। इनमें से कौन-सी 'NISHTHA' की विशेषताएँ नहीं हैं?

(J) परिचय पाठ्यक्रम (ओरिएंटेशन कोर्स)

(K) पुनश्चर्या पाठ्यक्रम (रिफ्रेशर कोर्स)

(L) क्लासरूम प्रोग्राम में सुधार

(M) शिक्षण-पद्धति (पेडागोजी) में नवीनतम नवाचार और प्रगति

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J और K

**B.** केवल J और L

**C.** केवल J, K और L

**D.** केवल J, K और M

Adda247 GET IT ON Google Play

9. In the process of development, the child passes through some stages or phases. Match the stages and development characteristics-

| Column-I (Stages) | Column-II (Development's Characteristics) |
|---|---|
| (a) Infancy | (I) Civic responsibility |
| (b) Childhood | (II) Forceful curiosity |
| (c) Adolescence | (III) Self-Love |
| (d) Adulthood | (IV) Maturity of Sex Instinct |

Choose the correct answer from the options given below-

**A.** a-I, b-II, c-IV, d-III

**B.** a-III, b-II, c-IV, d-I

**C.** a-I, b-IV, c-II, d-III

**D.** a-II, b-I, c-III, d-IV

9. विकास की प्रक्रिया में बालक कुछ सोपानों या अवस्थाओं में से होकर गुज़रता है। विकास के सोपानों और विशेषताओं का मिलान कीजिए-

| कॉलम-I (अवस्था) | कॉलम-II (विकास की विशेषताएँ) |
|---|---|
| (a) शैशवावस्था | (I) नागरिक उत्तरदायित्व ग्रहण करना |
| (b) बाल्यावस्था | (II) जिज्ञासा की प्रबलता |
| (c) किशोरावस्था | (III) आत्म-प्रेम की भावना |
| (d) प्रौढ़ावस्था | (IV) काम शक्ति की परिपक्वता |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

**A.** a-I, b-II, c-IV, d-III

**B.** a-III, b-II, c-IV, d-I

**C.** a-I, b-IV, c-II, d-III

**D.** a-II, b-I, c-III, d-IV

10. Which of the following is the correct process of conducting quantitative research?

(K) Identifying and selecting the problem

(L) Formulating hypotheses

(M) Writing research objectives

(N) Data collection and Analysis

(O) Constructing research tools

**A.** O → K → M → L → N

**B.** K → M → L → O → N

**C.** K → L → M → O → N

**D.** M → K → L → O → N

10. निम्नलिखित में से मात्रात्मक अनुसंधान (क्वांटिटेटिव रिसर्च) करने की सही प्रक्रिया कौन-सी है?

(K) समस्या की पहचान और चयन करना

(L) परिकल्पनाएँ बनाना

(M) शोध उद्देश्यों को लिखना

(N) डेटा संग्रह और विश्लेषण

(O) शोध उपकरण बनाना

**A.** O → K → M → L → N

**B.** K → M → L → O → N

**C.** K → L → M → O → N

**D.** M → K → L → O → N

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

Read the following passage carefully and answer Question No. 11 to 15.

The great Acharyas have said that everything discovered has a great goal; surrender yourself to that goal and act towards it by drawing your inspiration from that goal whereby you will get a new column of energy. Do not allow this energy to be dissipated in the futile memory of past regrets or failures, or excitement of the present, and bring that entire energy focused into activity, that is, the highest creative action in the world outside, whereby the individual who is till now considered the most inefficient finds his way to the highest achievement and success. This can be said very easily in a second. In order to train our mind to this attitude, considerable training is needed because we have already trained our mind wrongly to such an extent that we have become perfect in imperfections. Not knowing the art of action, we have mastered artists in doing wrong things; the totality of activity will bring the country to a wrong end indeed. If each one is given a car to achieve an ideal socialistic pattern and nobody knows driving, but starts driving, what would be the condition on road? Everybody has equal rights on the public road. Then, each car will necessarily dash against the other and there is bound to be a jumble. There seems to be a very apt pattern of life that we are heading to. Every one of us is a vehicle. We know how to go forward. The point intellect is very powerful and everybody is driving but nobody knows how to control the mental energy and direct it properly or guide it to the proper destination.

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न संख्या 11 से 15 के उत्तर दीजिए।

महान आचार्यों ने कहा है कि प्रत्येक खोज का एक महान उद्देश्य होता है। स्वयं को उस उद्देश्य के प्रति समर्पित कर दीजिए और उसी लक्ष्य से प्रेरणा प्राप्त करते हुए उसकी ओर कार्य कीजिए। ऐसा करने से आपको ऊर्जा का एक नया स्रोत प्राप्त होगा। इस ऊर्जा को अतीत की व्यर्थ पश्चातापपूर्ण स्मृतियों, असफलताओं या वर्तमान की उत्तेजनाओं में नष्ट मत होने दीजिए। इसके बजाय अपनी संपूर्ण ऊर्जा को किसी सार्थक कार्य में केंद्रित कीजिए। यही बाहरी संसार में सर्वोच्च रचनात्मक कर्म है, जिसके द्वारा अब तक अयोग्य समझा जाने वाला व्यक्ति भी महान उपलब्धियों और सफलता के मार्ग पर अग्रसर हो सकता है। यह बात कहने में तो केवल एक क्षण लगता है, परंतु अपने मन को इस दृष्टिकोण के अनुसार प्रशिक्षित करने के लिए बहुत अधिक अभ्यास और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। इसका कारण यह है कि हमने अपने मन को पहले ही गलत ढंग से इतना प्रशिक्षित कर लिया है कि हम अपनी कमियों में ही पूर्णता प्राप्त कर चुके हैं। कर्म करने की सही कला को न जानते हुए भी हम गलत कार्यों में निपुण हो गए हैं। ऐसी गतिविधियों का समग्र परिणाम देश को गलत दिशा में ले जाएगा। यदि प्रत्येक व्यक्ति को एक आदर्श समाजवादी व्यवस्था स्थापित करने के लिए एक कार दे दी जाए, लेकिन किसी को भी उसे चलाना न आता हो और फिर भी सभी कार चलाने लगें, तो सड़कों की क्या स्थिति होगी? सार्वजनिक सड़क पर सभी का समान अधिकार है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक कार दूसरी कार से टकराएगी और चारों ओर अव्यवस्था फैल जाएगी। ऐसा प्रतीत होता है कि हमारा जीवन भी कुछ इसी प्रकार की दिशा में बढ़ रहा है। हममें से प्रत्येक एक वाहन के समान है। हम आगे बढ़ना तो जानते हैं। हमारी बुद्धि अत्यंत शक्तिशाली है और हर व्यक्ति जीवन की गाड़ी चला रहा है, लेकिन कोई भी यह नहीं जानता कि मानसिक ऊर्जा को कैसे नियंत्रित किया जाए, उसे सही दिशा में कैसे लगाया जाए अथवा उचित लक्ष्य तक कैसे पहुँचाया जाए।

**11.** The source of energy according to the author is-

**A.** Highest creative action

**B.** Proper training of mind

**C.** Inspiration from past events

**D.** Stimulation obtained from a set goal

**11.** लेखक के अनुसार ऊर्जा का स्रोत क्या है?

**A.** सर्वोच्च रचनात्मक कार्य

**B.** मन का उचित प्रशिक्षण

**C.** अतीत की घटनाओं से प्राप्त प्रेरणा

**D.** निर्धारित लक्ष्य से प्राप्त प्रेरणा

Adda247

GET IT ON Google Play

12. Which of the following qualities are necessary for achieving the highest?
(J) A clear Goal
(K) Inspiration from that Goal
(L) Proper Training of the Mind
(M) Control and proper direction of mental energy

Choose the correct option-

**A.** J and K only **B.** K and L only
**C.** J, K, L and M **D.** J, L and M only

**12.** निम्नलिखित में से कौन-से गुण सर्वोच्च सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं?
(J) स्पष्ट लक्ष्य
(K) उस लक्ष्य से प्रेरणा
(L) मन का उचित प्रशिक्षण
(M) मानसिक ऊर्जा का नियंत्रण एवं सही दिशा में संचालन

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J और K **B.** केवल K और L
**C.** J, K, L और M **D.** केवल J, L और M

---

13. What is the effect of wrong training of our mind?

**A.** Becoming perfect in all aspects of life
**B.** Becoming master artists
**C.** Taking the country to wrong destination
**D.** Carrying on activities without knowing how to control mental energies

**13.** हमारे मन के गलत प्रशिक्षण का क्या प्रभाव होता है?

**A.** जीवन के सभी क्षेत्रों में पूर्णता प्राप्त करना
**B.** महान कलाकार बन जाना
**C.** देश को गलत दिशा में ले जाना
**D.** मानसिक ऊर्जा को नियंत्रित करना जाने बिना कार्य करते रहना

---

14. Arrange the following ideas as they appear in the passage-
(K) Energy should not be wasted on past regrets.
(L) A great goal provides inspiration.
(M) Proper training of the mind is necessary.
(N) Mental energy must be directed towards the proper destination.

**A.** L → K → M → N
**B.** K → L → N → M
**C.** L → M → K → N
**D.** K → M → L → N

**14.** गद्यांश में वर्णित विचारों का सही क्रम चुनिए-
(K) ऊर्जा को अतीत के पछतावों में व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए।
(L) एक महान लक्ष्य प्रेरणा प्रदान करता है।
(M) मन का उचित प्रशिक्षण आवश्यक है।
(N) मानसिक ऊर्जा को उचित लक्ष्य की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए।

**A.** L → K → M → N
**B.** K → L → N → M
**C.** L → M → K → N
**D.** K → M → L → N

Adda247
GET IT ON Google Play

15. Match the following-

| Column-I | | Column-II |
|---|---|---|
| (a) Great Goal | (I) | Helps direct energy towards the proper destination |
| (b) Past Regrets and Failures | (II) | Source of inspiration and new energy |
| (c) Proper Training of the Mind | (III) | Necessary for developing the right attitude |
| (d) Control of Mental Energy | (IV) | Causes dissipation of energy |

Choose the correct answer from the options given below-

**A.** a-II, b-IV, c-III, d-I

**B.** a-I, b-III, c-IV, d-II

**C.** a-II, b-I, c-III, d-IV

**D.** a-III, b-IV, c-I, d-II

15. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I | | कॉलम-II |
|---|---|---|
| (a) महान लक्ष्य | (I) | ऊर्जा को उचित लक्ष्य की ओर निर्देशित करना |
| (b) अतीत के पछतावे और असफलताएँ | (II) | प्रेरणा और नई ऊर्जा का स्रोत |
| (c) मन का उचित प्रशिक्षण | (III) | सही दृष्टिकोण विकसित करने के लिए आवश्यक |
| (d) मानसिक ऊर्जा का नियंत्रण | (IV) | ऊर्जा के क्षय का कारण |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

**A.** a-II, b-IV, c-III, d-I

**B.** a-I, b-III, c-IV, d-II

**C.** a-II, b-I, c-III, d-IV

**D.** a-III, b-IV, c-I, d-II

16. Which of the following is an indigenous, central government-led Massive Open Online Course (MOOC) platform launched to provide open-access to higher education learning to all citizens of India?

**A.** Coursera

**B.** edX

**C.** SWAYAM

**D.** Udacity

16. भारत के सभी नागरिकों को उच्च शिक्षा की ओपन-एक्सेस लर्निंग कक्षाएँ उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया, केंद्र सरकार के नेतृत्व वाला स्वदेशी मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOC) प्लेटफॉर्म निम्न में से कौन-सा है?

**A.** कौरसेरा

**B.** एडएक्स

**C.** स्वयं

**D.** उडासिटी

Adda247 GET IT ON Google Play

17. The average of the eleven results is 50. If the average of the first six results is 49 and that of the last six is 52, find the sixth result and the total of the first six results, respectively-

(J) 550
(K) 294
(L) 312
(M) 56

Choose the correct option-

A. J and M only
B. K and L only
C. M and K only
D. M and L only

17. ग्यारह परिणामों का औसत 50 है। यदि पहले छह परिणामों का औसत 49 है और अंतिम छह परिणामों का औसत 52 है, तो क्रमशः छठा परिणाम और पहले छह परिणामों का योग ज्ञात कीजिए-

(J) 550
(K) 294
(L) 312
(M) 56

सही विकल्प चुनें-

A. केवल J और M
B. केवल K और L
C. केवल M और K
D. केवल M और L

18. Match the following-

| Column-I | | Column-II |
|---|---|---|
| (a) Quantitative data | (I) | Classifying the data |
| (b) Primary data | (II) | Numerical measurement of the data |
| (c) Secondary data | (III) | Information through local agencies |
| (d) Qualitative data | (IV) | Data from government reports |

Choose the correct answer from the options given below-

A. a-IV, b-I, c-III, d-II
B. a-III, b-I, c-II, d-IV
C. a-II, b-III, c-IV, d-I
D. a-I, b-IV, c-III, d-II

18. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I | | कॉलम-II |
|---|---|---|
| (a) मात्रात्मक आँकड़े | (I) | डेटा का वर्गीकरण करना |
| (b) प्राथमिक आँकड़े | (II) | आँकड़ों की संख्यात्मक माप |
| (c) द्वितीयक आँकड़े | (III) | स्थानीय संस्थाओं के द्वारा सूचना |
| (d) गुणात्मक आँकड़े | (IV) | सरकारी रिपोर्टों से डेटा |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-IV, b-I, c-III, d-II
B. a-III, b-I, c-II, d-IV
C. a-II, b-III, c-IV, d-I
D. a-I, b-IV, c-III, d-II

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

19. Which of the following gases present in atmosphere are known as acid-forming precursor gases?

(J) $SO_2$

(K) $N_2O$

(L) $NO_2$

(M) $CO_2$

Choose the correct option-

**A.** J, K and L only

**B.** J and L only

**C.** J, K, L and M

**D.** J, L and M only

19. वायुमंडल में उपस्थित निम्नलिखित में से कौन-सी गैसें अम्ल-निर्माण (अम्लीय वर्षा) की पूर्ववर्ती गैसें (एसिड फॉर्मिंग प्रीकर्सर गैसेस) कहलाती हैं?

(J) $SO_2$

(K) $N_2O$

(L) $NO_2$

(M) $CO_2$

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J, K और L

**B.** केवल J और L

**C.** J, K, L और M

**D.** केवल J, L और M

---

20. Which of the following is true for classification and tabulation of income data of a small town?

**A.** Classification follows tabulation of the data.

**B.** Classification precedes tabulation of the data.

**C.** Both are done simultaneously.

**D.** Tabulation precedes classification of the data.

20. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एक छोटे शहर के आय आंकड़ों के वर्गीकरण और सारणीकरण के लिए सही है?

**A.** वर्गीकरण, डेटा के सारणीकरण का अनुसरण करता है।

**B.** वर्गीकरण, डेटा के सारणीकरण से पहले आता है।

**C.** दोनों एक साथ किए जाते हैं।

**D.** सारणीकरण, डेटा के वर्गीकरण से पहले आता है।

---

21. What were the words Shakha, Charan, Parishad, Gotra used for in the Vedic Period?

**A.** Forms of Educational Institutes

**B.** Levels of Guru

**C.** Levels of Family

**D.** Levels of Social Status

21. शाखा, चारण, परिषद्, गोत्र इन शब्दों का प्रयोग वैदिक काल में किसके लिए होता था?

**A.** शैक्षिक संस्थानों के प्रकार

**B.** गुरु का स्तर

**C.** परिवार का स्तर

**D.** सामाजिक स्थिति का स्तर

Adda247

GET IT ON Google Play

22. Which of the following were part of the eight Millennium Development Goals (MDGs) set under the Millennium Declaration in the year 2000 by the United Nations?

(J) Reduce child mortality

(K) Climate change

(L) Improve maternal health (reduce maternal mortality ratio)

(M) Achieve universal primary education

Choose the correct option-

**A.** J and L only **B.** J, K and M only

**C.** J, L and M only **D.** J, K, L and M

22. निम्नलिखित में से कौन-से संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2000 में 'मिलेनियम घोषणा' के तहत तय किए गए आठ 'मिलेनियम विकास लक्ष्यों' (MDGs) में शामिल थे?

(J) बाल मृत्यु दर कम करें।

(K) जलवायु परिवर्तन

(L) मातृ स्वास्थ्य में सुधार करें (मातृ मृत्यु दर कम करें)

(M) सभी के लिए प्राथमिक शिक्षा हासिल करना

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल J और L **B.** केवल J, K और M

**C.** केवल J, L और M **D.** J, K, L और M

---

23. Match the following-

| Column-I | Column-II |
|---|---|
| (a) If $x : y : z = \frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{4}$, then $\frac{x+z-y}{y} =$ | (I) 16 |
| (b) If $\frac{2}{3} = \frac{x}{24}$, then $x =$ | (II) 3,2 |
| (c) The average of the given numbers 1, 2, 2, 3, 3, 3, 4, 4, 4, 4, 5, 5, 5, 5, 5, 6, 6, 6, 6, 6, 6, 7, 7, 7, 7, 7, 7, 7 is- | (III) 5 |
| (d) The difference and the sum of two integers x and y are 1 and 5, respectively then, two integers are- | (IV) 1.25 |

Choose the correct answer from the options given below-

**A.** a-II, b-I, c-III, d-IV

**B.** a-II, b-I, c-IV, d-III

**C.** a-III, b-I, c-IV, d-II

**D.** a-IV, b-I, c-III, d-II

23. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I | कॉलम-II |
|---|---|
| (a) यदि $x : y : z = \frac{1}{2} : \frac{1}{3} : \frac{1}{4}$, तब $\frac{x+z-y}{y} =$ | (I) 16 |
| (b) यदि $\frac{2}{3} = \frac{x}{24}$, तब $x =$ | (II) 3,2 |
| (c) दिए गए अंकों का औसत क्या है? 1, 2, 2, 3, 3, 3, 4, 4, 4, 4, 5, 5, 5, 5, 5, 6, 6, 6, 6, 6, 6, 7, 7, 7, 7, 7, 7, 7 | (III) 5 |
| (d) दो संख्याओं x और y का अंतर और योग क्रमश: 1 और 5 है, तब दो संख्याएं है- | (IV) 1.25 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

**A.** a-II, b-I, c-III, d-IV

**B.** a-II, b-I, c-IV, d-III

**C.** a-III, b-I, c-IV, d-II

**D.** a-IV, b-I, c-III, d-II

Adda247
GET IT ON Google Play

**24.** Arrange the following commissions according to chronological order of their establishment-

(K) Mudaliar Commission
(L) Kothari Commission
(M) Radhakrishnan Commission
(N) Sadler Commission
(O) Hunter Commission

**A.** O → N → K → M → L
**B.** O → N → M → K → L
**C.** N → O → K → M → L
**D.** L → O → K → M → N

**24.** निम्नलिखित आयोगों को उनके गठन के कालक्रम के अनुसार व्यवस्थित करें-

(K) मुदालियर आयोग
(L) कोठारी आयोग
(M) राधाकृष्णन आयोग
(N) सैडलर आयोग
(O) हंटर आयोग

**A.** O → N → K → M → L
**B.** O → N → M → K → L
**C.** N → O → K → M → L
**D.** L → O → K → M → N

**25.** The table given below shows the sales (in units) of a company over 6 months:

| Month | Sales |
|---|---|
| January | 130 |
| February | 145 |
| March | 190 |
| April | 205 |
| May | 250 |
| June | 315 |

What is the percentage increase in sale of units in the month of June compared to the sale in January?

**A.** ~122.5%
**B.** ~120.5%
**C.** ~142.3%
**D.** ~99.2%

**25.** नीचे दी गई तालिका में एक कंपनी की 6 महीनों की बिक्री (इकाइयों में) दर्शाई गई है:

| महीना | बिक्री |
|---|---|
| जनवरी | 130 |
| फरवरी | 145 |
| मार्च | 190 |
| अप्रैल | 205 |
| मई | 250 |
| जून | 315 |

जनवरी की तुलना में जून महीने में इकाइयों की बिक्री में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

**A.** ~122.5%
**B.** ~120.5%
**C.** ~142.3%
**D.** ~99.2%

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

26. Match the four major seasons and months in India-

| Column-I | | Column-II |
|---|---|---|
| (a) Winter Season | (I) | October, November, December |
| (b) Summer Season | (II) | June, July, August and September |
| (c) South-West Monsoon Season | (III) | March, April, May |
| (d) North-East Monsoon Season | (IV) | January, February |

Choose the correct answer from the options given below-

A. a-I, b-II, c-III, d-IV

B. a-III, b-IV, c-I, d-II

C. a-IV, b-III, c-I, d-II

D. a-IV, b-III, c-II, d-I

26. भारत की चार प्रमुख ऋतुओं और महीनों का मिलान कीजिए-

| कॉलम-I | | कॉलम-II |
|---|---|---|
| (a) शीत ऋतु | (I) | अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर |
| (b) ग्रीष्म ऋतु | (II) | जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर |
| (c) दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु | (III) | मार्च, अप्रैल, मई |
| (d) उत्तर-पूर्वी मानसून ऋतु | (IV) | जनवरी, फरवरी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

A. a-I, b-II, c-III, d-IV

B. a-III, b-IV, c-I, d-II

C. a-IV, b-III, c-I, d-II

D. a-IV, b-III, c-II, d-I

27. Which of the following is a communication channel?

A. Telephone

B. Feedback

C. Context

D. Encoding

27. निम्नलिखित में से संचार का माध्यम कौन-सा है?

A. टेलीफोन

B. प्रतिपुष्टि

C. संदर्भ

D. सांकेतीकरण

28. Which factor influences communication through personal expectations and opinions?

A. Message

B. Feedback

C. Channel

D. Receiver

28. व्यक्तिगत अपेक्षाओं और विचारों के माध्यम से संचार को प्रभावित करने वाला कारक कौन-सा है?

A. संदेश

B. प्रतिपुष्टि

C. माध्यम

D. प्राप्तकर्ता

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247
GET IT ON Google Play

29. Direction - For the below Assertion [As] and Reason [R], choose the correct alternative-
Assertion [As] : Verbal communication is the most influential element in face-to-face communication.
Reason [R] : Non-verbal communication often conveys more meaning than words.

A. Both [As] and [R] are true, and [R] is the correct explanation of [As].
B. Both [As] and [R] are true, but [R] is not the correct explanation of [As].
C. [As] is true, but [R] is false.
D. [As] is false, but [R] is true.

29. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-
कथन [As] : प्रत्यक्ष संवाद में बोले गए शब्दों का प्रभाव सबसे अधिक होता है।
कारण [R] : कई बार हाव-भाव और चेहरे के भाव, शब्दों की तुलना में अधिक अर्थ व्यक्त करते हैं।

A. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R], [As] की सही व्याख्या है।
B. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R], [As] की सही व्याख्या नहीं है।
C. [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।
D. [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

---

30. Direction - For the below Assertion [As] and Reason [R], choose the correct alternative-
Assertion [As] : ICT-based governance initiatives improve transparency in public service delivery.
Reason [R] : Digital platforms reduce manual intervention and help in allow real-time monitoring and tracking of services.

A. Both [As] and [R] are true, and [R] is the correct explanation of [As].
B. Both [As] and [R] are true, but [R] is not the correct explanation of [As].
C. [As] is true, but [R] is false.
D. [As] is false, but [R] is true.

30. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-
कथन [As] : आईसीटी-आधारित शासन प्रणाली सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता को बढ़ाती है।
कारण [R] : डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म मानवीय (मैनुअल) हस्तक्षेप को कम करते हैं तथा सेवाओं की वास्तविक समय (रियल-टाइम) में निगरानी और ट्रैकिंग में मदद करते हैं।

A. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R], [As] की सही व्याख्या है।
B. [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R], [As] की सही व्याख्या नहीं है।
C. [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।
D. [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

Adda247
GET IT ON Google Play

31. Which is NOT a Pramana accepted by Nyaya?

A. Pratyaksha B. Anuman
C. Upamana D. Yoga

31. न्याय दर्शन द्वारा कौन-सा प्रमाण स्वीकार नहीं किया गया है?

A. प्रत्यक्ष B. अनुमान
C. उपमान D. योग

32. Which of the following represents the correct communication cycle?

(K) Feedback (L) Receiver
(M) Sender (N) Encoding
(O) Decoding

A. M → N → L → O → K
B. M → L → N → O → K
C. N → M → L → O → K
D. M → N → O → L → K

32. निम्नलिखित में से कौन-सा संचार चक्र का सही क्रम दर्शाता है?

(K) प्रतिपुष्टि (L) प्राप्तकर्ता
(M) प्रेषक (N) सांकेतीकरण
(O) संदेश समझना

A. M → N → L → O → K
B. M → L → N → O → K
C. N → M → L → O → K
D. M → N → O → L → K

33. Which are synchronous communication tools to exchange information between participants?

(J) Video Conferencing
(K) Audio Conferencing
(L) Chat Session
(M) E-mail

Choose the correct option-

A. K and M only
B. J and M only
C. J, K and L only
D. J, L and M only

33. प्रतिभागियों के बीच जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए कौन-से समकालिक संचार (सिंक्रोनस कम्युनिकेशन) टूल्स हैं?

(J) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
(K) ऑडियो कॉन्फ्रेंसिंग
(L) चैट सेशन
(M) ई-मेल

सही विकल्प चुनें-

A. केवल K और M B. केवल J और M
C. केवल J, K और L D. केवल J, L और M

34. Which of the following protocols is used for dynamic allocation of IP addresses in a network?

A. FTP B. DHCP
C. SMTP D. HTTP

34. एक नेटवर्क में IP एड्रेस के डायनामिक एलोकेशन के लिए निम्न में से किस प्रोटोकॉल का इस्तेमाल किया जाता है?

A. एफ टी पी B. डी एच सी पी
C. एस एम टी पी D. एच टी टी पी

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247

GET IT ON Google Play

**35.** Match the following-

| Column-I | Column-II |
| --- | --- |
| (a) $\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{3+\dfrac{1}{1+\dfrac{1}{4}}}}=$ | (I) $\dfrac{23}{12}$ |
| (b) $\dfrac{1}{2}+\dfrac{2}{3}+\dfrac{3}{4}=$ | (II) 169 |
| (c) $2+4+6+...+100=$ | (III) $\dfrac{19}{43}$ |
| (d) $1+3+5+....+25=$ | (IV) 2550 |

Choose the correct answer from the options given below-

**A.** a-III, b-I, c-IV, d-II

**B.** a-III, b-I, c-II, d-IV

**C.** a-III, b-II, c-I, d-IV

**D.** a-II, b-I, c-III, d-IV

**35.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| कॉलम-I | कॉलम-II |
| --- | --- |
| (a) $\dfrac{1}{2+\dfrac{1}{3+\dfrac{1}{1+\dfrac{1}{4}}}}=$ | (I) $\dfrac{23}{12}$ |
| (b) $\dfrac{1}{2}+\dfrac{2}{3}+\dfrac{3}{4}=$ | (II) 169 |
| (c) $2+4+6+...+100=$ | (III) $\dfrac{19}{43}$ |
| (d) $1+3+5+....+25=$ | (IV) 2550 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

**A.** a-III, b-I, c-IV, d-II

**B.** a-III, b-I, c-II, d-IV

**C.** a-III, b-II, c-I, d-IV

**D.** a-II, b-I, c-III, d-IV

**36.** What was the system of teacher training in educational institutions during the Vedic period?

**A.** Training by a senior spiritual guru

**B.** Training by a master trainer

**C.** Two-year teacher training

**D.** There was no formal system of teacher training

**36.** वैदिक काल में, शैक्षिक संस्थानों में शिक्षकों को शैक्षिक प्रशिक्षण की क्या व्यवस्था थी?

**A.** वरिष्ठ आध्यात्मिक गुरु द्वारा प्रशिक्षण

**B.** मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण

**C.** दो साल का शिक्षक प्रशिक्षण

**D.** शिक्षक प्रशिक्षण की कोई औपचारिक व्यवस्था नहीं थी

Adda247
GET IT ON Google Play

37. Arrange the following International efforts in chronological order as per their year of enactment starting from old to recent-
(K) Vienna Convention for the Protection of the Ozone Layer
(L) United Nations Conference on the Human Environment
(M) United Nations Conference on Environment and Development (Earth Summit)
(N) Basel Convention on Control on Transboundary movement of Hazardous Waste
(O) Paris agreement on Climate Change to limit the temperature increase to 1.5°C above pre-industrial levels.

A. K → L → M → N → O
B. L → N → K → M → O
C. L → K → N → M → O
D. L → K → M → N → O

37. नीचे दिए गए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को उनके लागू होने के वर्ष के अनुसार, पुराने से नए के क्रम में व्यवस्थित करें-
(K) ओज़ोन परत के संरक्षण के लिए वियना कन्वेंशन
(L) मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन
(M) पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (पृथ्वी शिखर सम्मेलन)
(N) खतरनाक कचरे के सीमा-पार आवागमन पर नियंत्रण के लिए बेसल कन्वेंशन
(O) तापमान में बढ़ोतरी को प्री-इंडस्ट्रियल स्तर से 1.5°C ऊपर तक सीमित करने के लिए, जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता

A. K → L → M → N → O
B. L → N → K → M → O
C. L → K → N → M → O
D. L → K → M → N → O

38. As per CPCB guidelines, what is the permissible sound level in daytime in sensitive areas up to 100 meter around hospitals, educational institutions?

A. 60 dB B. 55 dB
C. 50 dB D. 40 dB

38. CPCB की गाइडलाइंस के अनुसार, अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों के आस-पास 100 मीटर तक के संवेदनशील इलाकों में दिन के समय ध्वनि का स्वीकार्य स्तर क्या है?

A. 60 dB B. 55 dB
C. 50 dB D. 40 dB

39. Which are benefits of feedback?
(J) Clarifies understanding
(K) Reduces misunderstanding
(L) Improves future communication
(M) Eliminates the need for listening
Choose the correct option-

A. J and K only B. K and L only
C. J, K and L only D. J, K, L and M

39. प्रतिपुष्टि के लाभ कौन-कौन से हैं?
(J) बात को अच्छी तरह समझने में मदद करती है।
(K) गलतफहमियों को कम करती है।
(L) भविष्य के संचार को बेहतर बनाती है।
(M) सुनने की आवश्यकता को समाप्त कर देती है।
सही विकल्प चुनें-

A. केवल J और K B. केवल K और L
C. केवल J, K और L D. J, K, L और M

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

40. Arrange the following steps used in any data analysis in chronological order starting first to last-
(K) Analysis of the data
(L) Data cleaning
(M) Data collection
(N) Tabulation of the data
(O) Interpretation of the data
A. M → L → N → K → O
B. K → N → M → O → L
C. L → M → N → O → K
D. N → K → L → M → O

40. किसी भी डेटा विश्लेषण में उपयोग किए जाने वाले निम्नलिखित चरणों को कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित करें, पहले चरण से लेकर अंतिम चरण तक-
(K) आँकड़ों का विश्लेषण
(L) डेटा की सफाई
(M) आँकड़ों का संग्रहण
(N) आँकड़ों का सारणीकरण
(O) आँकड़ों की व्याख्या
A. M → L → N → K → O
B. K → N → M → O → L
C. L → M → N → O → K
D. N → K → L → M → O

41. Arrange the following steps of a typical video conferencing session in the correct sequence-
(K) Authentication/Login
(L) Establishment of audio-video connection
(M) Exchange of media streams
(N) Session termination
A. L → K → M → N
B. K → L → M → N
C. K → M → L → N
D. M → L → K → N

41. एक सामान्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेशन के निम्नलिखित चरणों को उनके सही क्रम में व्यवस्थित करें-
(K) ऑथेंटिकेशन/लॉगिन
(L) ऑडियो-वीडियो कनेक्शन स्थापित करना
(M) मीडिया स्ट्रीम का आदान-प्रदान
(N) सेशन समाप्त करना
A. L → K → M → N
B. K → L → M → N
C. K → M → L → N
D. M → L → K → N

42. In the average composition of dry ambient atmosphere, which of the following gas is present in the least amount in percentage units?
A. Carbon dioxide
B. Argon
C. Methane
D. Nitrogen

42. सूखे परिवेशी वायुमंडल के औसत संघटन में प्रतिशत इकाइयों के रूप में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सबसे कम मात्रा में मौजूद होती है?
A. कार्बन डाईऑक्साइड
B. आर्गन
C. मीथेन
D. नाइट्रोजन

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

43. Arrange these words in a meaningful sequence-

(K) Fruit
(L) Seed
(M) Plant
(N) Flower
(O) Tree

A. L → M → N → O → K
B. L → M → O → N → K
C. O → N → M → L → K
D. M → L → K → O → N

43. इन शब्दों को एक सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें-

(K) फल
(L) बीज
(M) पौधा
(N) फूल
(O) पेड़

A. L → M → N → O → K
B. L → M → O → N → K
C. O → N → M → L → K
D. M → L → K → O → N

44. The average of seven numbers is 71. If we exclude one of these numbers, the average becomes 75. What is that number?

A. 75 B. 74
C. 73 D. 47

44. सात संख्याओं का औसत 71 है। यदि हम इनमें से एक संख्या को हटा दें, तो औसत 75 हो जाता है। वह संख्या क्या है?

A. 75 B. 74
C. 73 D. 47

45. "Water boils at 100°C" this sentence has-

A. Expressive use B. Informative use
C. Directive use D. Persuasive use

45. "पानी 100°C पर उबलता है" इस वाक्य में है-

A. अभिव्यंजक उपयोग B. जानकारी उपयोग
C. निर्देश उपयोग D. प्रेरक उपयोग

46. The most appropriate diagram to represent the data relating to the monthly expenditure on different items by a family is-

A. Histogram
B. Pie-chart
C. Frequency polygon
D. Line-chart

46. किसी परिवार द्वारा विभिन्न वस्तुओं पर किए गए मासिक व्यय से संबंधित आँकड़ों को दर्शाने के लिए सबसे उपयुक्त आरेख कौन-सा है?

A. आयतचित्र (हिस्टोग्राम)
B. वृत्त आलेख
C. आवृत्ति बहुभुज
D. रेखाचित्र

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह

Adda247 GET IT ON Google Play

47. Direction - For the below Assertion [As] and Reason [R], choose the correct alternative-

Assertion [As] : In a valid deductive argument, if all premises are true, then the conclusion must be true.

Reason [R] : Deductive arguments preserve truth from premises to conclusion.

**A.** Both [As] and [R] are true, and [R] is the correct explanation of [As].

**B.** Both [As] and [R] are true, but [R] is not the correct explanation of [As].

**C.** [As] is true, but [R] is false.

**D.** [As] is false, but [R] is true.

47. निर्देश - नीचे दिए गए कथन [As] और कारण [R] के लिए सही विकल्प चुनिए-

कथन [As] : एक वैध निगमनात्मक तर्क में, यदि सभी आधार वाक्य सत्य हैं, तब निष्कर्ष भी अवश्य सत्य होगा।

कारण [R] : निगमनात्मक (डिडक्टिव) तर्क आधारों से निष्कर्ष तक सत्य को बनाए रखता है।

**A.** [As] और [R] दोनों सत्य हैं, और [R], [As] की सही व्याख्या है।

**B.** [As] और [R] दोनों सत्य हैं, लेकिन [R], [As] की सही व्याख्या नहीं है।

**C.** [As] सत्य है, लेकिन [R] असत्य है।

**D.** [As] असत्य है, लेकिन [R] सत्य है।

48. When a student studies a topic driven entirely by personal interest and the satisfaction it brings, the underlying cause is-

(J) Intrinsic Motivation

(K) Extrinsic Motivation

(L) Self-determining

(M) Usefulness

Choose the correct option-

**A.** K and L only

**B.** K and M only

**C.** J and M only

**D.** J and L only

48. जब कोई छात्र पूरी तरह से अपनी व्यक्तिगत रुचि और उससे मिलने वाले संतोष के कारण किसी विषय का अध्ययन करता है, तो इसका मुख्य कारण क्या है?

(J) आंतरिक अभिप्रेरणा

(K) बाह्य अभिप्रेरणा

(L) आत्म-निर्धारी

(M) उपयोगिता

सही विकल्प चुनें-

**A.** केवल K और L

**B.** केवल K और M

**C.** केवल J और M

**D.** केवल J और L

Adda247 GET IT ON Google Play

49. The statement "Some students are athletes" is-

A. Particular affirmative

B. Universal negative

C. Universal affirmative

D. Particular negative

49. "कुछ छात्र एथलीट हैं" यह कथन कौन-सा है?

A. विशेष सकारात्मक

B. सार्वभौमिक नकारात्मक

C. सार्वभौमिक सकारात्मक

D. विशेष नकारात्मक

50. What percentage is equivalent to 3/8?

A. 37%  B. 37.5%

C. 75%  D. 28%

50. 3/8 कितने प्रतिशत के बराबर है?

A. 37%  B. 37.5%

C. 75%  D. 28%

Adda247

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह